भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 750

दिनांक 04.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

उद्यमिता सहायता कार्यक्रम

750. श्री बृजेन्द्र सिंह् ओला:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या झुंझनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान में युवाओं के लिए कोई स्टार्टअप इनक्यूबेशन केंद्र या उद्यमिता सहायता कार्यक्रम चलाया जा रहा है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) झुंझनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान में सरकार की नवाचार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए क्या योजनाएं हैं;

(ग) क्या इन योजनाओं के सकारात्मक परिणाम मिले हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या इस उद्देश्य के लिए बनाई गई योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इनोवेटिव स्कीम का कार्यान्वयन करता है, जो दिनांक 10.03.2022 को शुरू की गई है और जिसके अंतर्गत नवाचार और विचार विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक इनक्यूबेशन घटक है। इस स्कीम के अंतर्गत, विचारों को अनुमोदित मेजबान संस्थानों (एचआई) के माध्यम से विकसित किया जाता है, जो विचारों के पोषण के लिए इनक्यूबेटर के रूप में कार्य करते हैं। अब तक की स्थिति के अनुसार, इस स्कीम के अंतर्गत 773 एचआई स्वीकृत हैं, जिनमें से झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1 एचआई सहित राजस्थान राज्य में 31 एचआई स्वीकृत हैं।

(ख): एमएसएमई मंत्रालय स्व-रोज़गार के लिए दो अग्रणी स्कीम अर्थात प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) तथा पीएम विश्वकर्मा (पीएमवी) का कार्यान्वयन कर रहा है जिसका उद्देश्य राजस्थान राज्य सहित पूरे भारत में स्व-रोज़गार के अवसर सृजित करना है।

(ग): अब तक की स्थिति के अनुसार, विभिन्न स्कीम की प्रगति का विवरण नीचे दिया गया है:-

लाभार्थियों की संख्या	**पीएम विश्वकर्मा (सितंबर, 2023 से)**	**पीएमईजीपी (वर्ष 2021-22 से)**	**इनक्यूबेशन विचारों की संख्या (वर्ष 2022-23 से)**
अखिल भारत	30,00,000	4,11,627	1,418
राजस्थान राज्य	2,51,982	10,002	39
झुंझुनू	6,377	470	1

(घ): सभी स्कीम का कार्यान्वयन किया गया है।

****